# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 29वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 29 वीं |
| स्थान | : | सभागार (प्रथम तल)<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>लखनऊ। |
| दिनांक | : | 26 जून, 2019 |
| समय | : | पूर्वान्ह 12.00 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी
# की
# प्रशासकीय परिषद की 29वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 29 वीं बैठक आज दिनांक 26.06.2019 को पूर्वान्ह् 12.00 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे सभागार (प्रथम तल), डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ मे सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया** :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इं0 राकेश गुप्ता<br>37/02, सिविल लाइन्स<br>झाँसी। | ........... | अध्यक्ष |
| 2. | श्री के0 राम<br>संयुक्त निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0 प्र0 शासन<br>लखनऊ। | ........... | उपाध्यक्ष (प्रतिनिधि)<br>एवं<br>सदस्य (प्रतिनिधि<br>निदेशक प्राविधिक<br>शिक्षा उ0 प्र0) |
| 3. | श्री ज्ञान पाल सिंह<br>वित्त नियंत्रक<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम<br>प्रा0 वि0 विद्यालय,<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य (प्रतिनिधि<br>प्रमुख सचिव,<br>वित्त) |
| 4. | प्रो0 अजीत के0 चतुर्वेदी<br>निदेशक<br>आई0आई0टी0,<br>रुड़की। | ........... | सदस्य |
| 5. | डा0 डी0 बी0 शाक्यवार<br>प्रमुख वैज्ञानिक<br>आई0सी0ए0आर0<br>सी0एस0डब्लू0आर0आई0<br>अविका नगर, वाया-जयपुर<br>राजस्थान। | ........... | सदस्य |
| 6. | प्रो0 गौरी शंकर<br>रिटायर्ड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष<br>बायोकैमिकल इंजी0 एवं फूड टेक्नोलाजी<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | ........... | सदस्य |

7. प्रो0 अकील अहमद ........... सदस्य
कुलपति
इन्टीग्रल विश्वविद्यालय
लखनऊ।

8. प्रो0 मुकेश शुक्ला ........... सदस्य
प्रोफेसर
सिविल इंजी0 विभाग
बी0आई0ई0टी0,
झाँसी।

9. प्रो0 ए0 के0 निगम ........... सदस्य
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
सिविल इंजी0 विभाग
बी0आई0ई0टी0,
झाँसी।

10. प्रो0 वी0 के0 त्यागी ........... सदस्य सचिव
निदेशक
बी0आई0ई0टी0
झाँसी।

**<u>जो सदस्य उपस्थित न हो सके</u> :-**

1. प्रो0 अभय करिन्दकर ........... सदस्य
निदेशक
आई0आई0टी0,
कानपुर।

2. प्रो0 विनय कुमार पाठक ........... सदस्य
कुलपति
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

3. प्रो0 एच0 डी0 चरन ........... सदस्य
कुलपति
राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय
कोटा (राजस्थान)।

4. प्रो0 एस0 जी0 देशमुख ........... सदस्य
निदेशक
आई0आई0आई0टी0,
ग्वालियर।

5. प्रो० विनोद यादव ........... सदस्य
निदेशक
एन०आई०टी०
हमीरपुर (हिमांचल प्रदेश)।

6. इंजी० पी० ए० खरवड़कर ........... सदस्य
मैनेजिंग डायरेक्टर
करोना प्लस इंडस्ट्रीज
कौशलपुरी,
कानपुर।

7. श्री डी० के० दीक्षित ........... सदस्य
कार्यपालक निदेशक
बी०एच०ई०एल०
झाँसी।

29.01 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 17 मई, 2019 को सम्पन्न हुई 28वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 17 जून, 2019 को सम्पन्न हुई 28 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

29.02 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 17 मई, 2019 को सम्पन्न हुई 28वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 17 मई, 2019 को सम्पन्न हुई 28वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की कृत्त कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

29.03 **संस्थान की 34वीं वित्त समिति के कार्यवृत्त परिषद के विचारार्थ/ अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान की सम्पन्न हुई 34 वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई।

29.04 **संस्थान छात्रों का प्लेसमेन्ट बढ़ाये जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान के विगत तीन वर्षो के छात्रों के प्लेसमेन्ट से अवगत हुई, तथा प्लेसमेन्ट प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु सत्र 2019–2020 की कार्ययोजना से अवगत होते हुए यह निर्देशित किया कि, तैयार कार्ययोजना का अक्षरसः समयावधि के अर्न्तगत कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

साथ ही परिषद ने निर्देशित किया कि संस्थान के छात्रों के समर इंटरनशिप बढाये जाने के लिए कम्पनियों के साथ वार्ता कर

समन्वय स्थापित किया जाये। प्लेसमेन्ट हेतु भी उपरोक्त कम्पनियों से अनुरोध किया जाये तथा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से भी कम्पनियों से प्लेसमेन्ट कराये जाने हेतु अनुरोध किया जाये। परिषद ने यह भी निदेर्शित किया कि संस्थान अपने एल्युमिनी का डाटा बेस तैयार करते हुए संस्थान के छात्रों के प्लेसमेन्ट हेतु सहयोग लिया जाये।

परिषद ने प्रधानमंत्री रिसर्च स्कीम (पी0एम0आर0एस0) का प्रचार-प्रसार संस्थान मे किये जाने तथा आई0आई0टी0, रूड़की से अनुरोध करते हुए इस योजना हेतु सम्पूर्ण सहयोग प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने प्लेसमेन्ट के प्रस्तुत किंये गये विगत तीन वर्षो के छात्रों के प्लेसमेन्ट सम्बंधी विवरण का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि, अध्यक्ष एवं प्रभारी, प्लेसमेन्ट द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं परिषद द्वारा दिये गये सुझावों के अनुरुप कार्यवाही करते हुए आगामी परिषद की बैठक में कृत कार्यवाही से अवगत कराया जाये।

29.05 **<u>स्नातक पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु विभागाध्यक्षों द्वारा एस0ए0आर0 का प्रजेन्टेशन परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद ने संस्थान के स्नातक पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु विभागाध्यक्ष द्वारा किये गये प्रजेन्टेशन से अवगत होते हुए विभागाध्यक्षों को यह निर्देशित किया कि, विभागों मे एक्रीडिटेशन हेतु जो कमियाँ हैं उन्हे दूर करते हुए एक्रीडिटेशन हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

**29.06 संस्थान के बायलॉज मे निहित प्रावधान के अर्न्तगत संस्थान की क्रय समिति हेतु वरिष्ठ संकाय सदस्य को नामित किए जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं स्वीकृति।**

परिषद ने संस्थान के बायलॉज मे निहित प्राविधान बिन्दु संख्या-29(बी) पर क्रय समिति के गठन से अवलोकित होते हुए डा0 संजय अग्रवाल को एक वर्ष हेतु सदस्य के रूप मे नामित किये जाने पर सहमति प्रदान की।

**29.07 संस्थान हेतु नेडा के माध्यम से रेस्को माडल 540 कि0वा0 एवं 900 कि0वा के सोलर सिस्टम की स्थापना कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने संस्थान हेतु नेडा के माध्यम से रेस्को माडल 540 कि0वा0 एवं 900 कि0वा0 के सोलर सिस्टम के प्रस्ताव से अवलोकित होते हुए तथा संस्थान की आवश्यकता को देखते हुए सोलर सिस्टम को लगाये जाने के प्रस्ताव को प्रथमतः संस्थान की वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत कर संस्तुति प्राप्त करने के उपरान्त परिषद के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**29.08 वित्तीय वर्ष 2019-2020 के द्वितीय क्वार्टर हेतु एन0पीआई0यू0 को प्रेषित कार्ययोजना (एक्शन प्लान) परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने संस्थान मे चल रहे टी0ई0क्यू0आई0पी0-III परियोजना के वित्तीय वर्ष 2019-2020 के द्वितीय क्वार्टर हेतु एन0पी0आई0यू0 को प्रेषित किये गये एक्शन प्लान से अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

साथ ही निदेर्शित किया कि, टी0ई0क्यू0आई0पी0-III/ डी0डी0यू0क्यू0आई0पी0 योजना के अर्न्तगत खरीदे जा रहे समस्त प्रकार के उपकरणों/ सामानों के सम्बंध में यह सुनिश्चित कर लिया

Vithz.

जाये कि एक ही प्रकार के उपकरणों/ सामानों का क्रय दोनो योजनाओं मे से किसी एक योजना के अर्न्तगत ही किया जाये।

29.09 **<u>श्री पप्पन बाबू द्वारा प्रतिनियुक्ति के रूप मे सेवा देने हेतु स्वीकृत तीन वर्ष के असाधारण अवकाश के अतिरिक्त उपभोग किये गये अवकाश का प्रकरण परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद ने श्री पप्पन बाबू के प्रकरण से अवगत होते हुए तथा इनके द्वारा स्पष्टीकरण के आलोक मे संस्थान मे दिनांक 02.05.2019 को कार्यभार ग्रहण कराये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की। साथ ही तीन वर्ष के असाधारण अवकाश के अतिरिक्त 34 दिनों के उपभोग किये गये अस्वीकृत अवकाश को असाधारण अवकाश के रूप में स्वीकृति प्रदान करते हुए यह निर्देशित किया कि भविष्य मे इनके द्वारा इसकी पुनरावृत्ति न की जाये।

29.10 **<u>प्रशासकीय परिषद की विगत बैठकों मे हुए निर्णय के क्रम में लम्बित कार्यवाही/प्रकियाधीन बिन्दुओं से परिषद को अवगत कराना।</u>**

परिषद ने विगत वर्षो की बैठकों के निर्णय के क्रम में लम्बित प्रकरणों के बिन्दुओं से अवगत होते हुए असंतोष व्यक्त किया तथा उक्त पर आगामी 03 माहों मे समस्त लम्बित प्रकरणों पर कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

29.11 **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।</u>**

1. परिषद को अवलोकित कराया गया कि, परिषद की 26वीं बैठक मे प्राप्त अनुमोदन के क्रम में टी0ई0क्यू0 आई0पी0-III के अन्तर्गत पैकेज नम्बर टी0ई0क्यू0 आई0पी0-III/यू0पी0/बीआईईजे/65 (परचेज आफ डेक्सटाप

कम्प्यूटर, 184 नं0) के क्रय सम्बंधी कार्यवाही पूर्ण कर रू0 13934327.00 का भुगतान किया जा चुका है।

साथ ही परिषद द्वारा यह निदेर्शित किया गया कि, टी0ई0क्यू0आई0-।।। के मानकों के अनुसार ही सम्यक कार्यवाही की जाये।

2. परिषद की सम्पन्न हुई 26वीं बैठक के मद संख्या 26. 17(1) पर प्रो0 जे0पी0 सैनी के प्रकरण पर हुए निर्णय के क्रम में 03 वर्ष के स्वीकृत किये गये अवैतनिक असाधारण अवकाश के क्रम में 02 वर्ष के अतिरिक्त अवैतनिक असाधारण अवकाश के प्रकरण पर परिषद द्वारा अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को निर्णय हेतु अधिकृत किया गया था। जिस पर अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित टीप "उपरोक्त प्रकरण पर मा0 उच्च न्यायालय मे चल रहे वाद(अथवा अन्य कोई विषय) पर वैधानिक सलाह लेते हुए प्रकरण आगामी बैठक मे परिषद के समक्ष प्रस्तुत करें।" के आलोक मे परिषद द्वारा प्रकरण का समग्र संज्ञान लेते हुए विस्तृत विचार विमर्श किया। तद्पोरान्त प्रशासकीय परिषद की 25वीं बैठक के मद संख्या 25.14 के क्रम में हुए निर्णय, प्रो0 जे0 पी0 सैनी द्वारा एन0एस0यू0टी0, नई दिल्ली के कुलपति के रूप मे योगदान देते हुए संस्थान के गौरव को बढाये जाने, तथा एक्रीडिटेशन हेतु संकाय सदस्यों की उपलब्धता के प्रबंधन करने के दृष्टिगत 02 वर्ष के अतिरिक्त अवैतनिक असाधारण अवकाश पर स्वीकृति प्रदान की।

3. परिषद ने 27वीं प्रशासकीय परिषद के मद संख्या 27. 04(2) पर संस्थान मे पेय जल की उपलब्धता को सुनिश्चित किये जाने हेतु बराठा बेसिन योजना से संस्थान को पेय जल की आपूर्ति का प्रबंध यू0पी0 जल निगम द्वारा प्रेषित किये गये प्रस्ताव पर संस्थान के सिविल इंजी0 विभाग की विभागीय समिति की बैठक के निर्णय के क्रम में परिषद ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

VICTY.

4. परिषद ने संस्थान के समस्त विभागों/ कार्यालयों में पेय जल हेतु कम से कम एक वाटर कूलर की स्थापना आर0ओ0 सिस्टम सहित आवश्यक रूप से करते हुए परिषद की आगामी बैठक में अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

26/06/19

**(प्रो0 वी0 के0 त्यागी)**
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बीआईईटी, झाँसी।

26/6/19

**(इं0 राकेश गुप्ता)**
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी।